राज्यपाल सचिवालय
राजभवन,जयपुर

विश्वविद्यालय जनजागरूकता के प्रयास करें

लोगों को जागरूक करें और कोरोना को मात दें

निरोग राजस्थान को चरितार्थ करने में सक्रिय भागीदारी निभायें – राज्यपाल

राज्यपाल ने चिकित्सकों को बधाई दी

जयपुर, 16 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि नोवल कोरोना वायरस को फैलाव से रोकने के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इससे घबरायें नही। सावधानी बरतें। राज्यपाल ने कहा कि जुकाम, खांसी की स्थिति में तत्काल राजकीय चिकित्सालय को सूचित करें। श्री मिश्र ने कहा कि ऐसे प्रयास किये जाये कि एक स्थान पर अधिक भीड़ न हो।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने एसएमएस अस्पताल के चिकित्सकों के दल को बधाई दी है। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि राजस्थान में तीन कोरोना संक्रमित के सेहतमंद होने का समाचार सुखद है। उन्होंने चिकित्सकों की इस कामयाबी की सराहना की है।

राज्यपाल ने कहा कि " चिकित्सकों ने टीम स्प्रिट व समर्पित भाव से कोरोना प्रभावित रोगियों को सावधानी बरतते हुए उन्हें हर स्तर पर आवश्यकतानुसार औषधियां देकर ठीक किया, जो स्वयं में स्तुतय है। चिकित्सकों के समर्पण भाव से प्रदेशवासियों और अन्य चिकित्सकों को प्रेरणा मिलेगी। मैं चिकित्सकों को बधाई देता हूँ। निश्चित रूप से चिकित्सकों के प्रयासों से कोरोना को मात देने में हम सफल होंगे। मैं प्रदेशवासियों से अनुरोध करता हूँ कि वे भी कोरोना को मात देने में बरतने वाली सावधानियों को निश्चित रूप से बरतेगें। हम सभी को एकजुट होकर कोरोना को मात देकर निरोग राजस्थान को चरितार्थ करने में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। "

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों द्वारा कोरोना वायरस से बचाव के उपायों के कार्यक्रम चलाये जायें। आसपास के क्षेत्र के लोगों में जागरूकता लाने के लिए विश्वविद्यालयों द्वारा जनजागरूकता के प्रयास किये जाये। राज्यपाल ने कहा कि लोगों में जागरूकता लाना ही इस रोग से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है। उन्होंने कहा कि जागरूकता से इस वायरस के विस्तार को रोका जा सकता है।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा ,
सहायक निदेशक, (जनसम्पर्क), राज्यपाल